कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

डॉ0 राजेंद्र कुमार गोठवाल, आदर्श नगर, वार्ड नं0 4, कुटी बॉदीकुई जिला दौसा (राजस्थान)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), बॉदीकुई जिला दौसा

अपील सं0 05/2019

निर्णय दिनांक 25.02.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), बॉदीकुई जिला दौसा से दिनांक 26.11.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), बॉदीकुई जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई से निर्धारित अवधि तक वॉछित रिपोर्ट प्राप्त नहीं हाने पर इस कार्यालय द्वारा दिनांक 13.02.2019 को स्मरण--पत्र जारी किया गया। किंतु लोक सूचना अधिकारी से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), बॉदीकुई जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official